हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 26 जुलाई 2025

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

04 प्राचार्य ने स्कूल को मयखाना बनाया नशे में कलेक्टर...



07 दुकानदारों के साथ कांग्रेसियों की प्रशासन से हुई जद्दोजहद



## खबर संक्षेप

### महाराणा प्रताप कन्या छात्रावास प्रवेश कार्यक्रम कल

**सागर।** बामोरा में नवनिर्मित महाराणा प्रताप कन्या छात्रावास में छात्राओं का प्रवेश कार्यक्रम आगामी 27 जुलाई को 12 बजे कन्या पूजन के साथ होगा। इस छात्रावास में आर्थिक रूप से कमजोर 40 छात्राओं की निःशुल्क आवासीय व्यवस्था होगी। जिला क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष लखन सिंह ने बताया कि महाराणा प्रताप कन्या छात्रावास में 40 छात्राओं के लिए आवास के साथ सभी सुविधाएं निशुल्क रहेंगी। उन्होंने सभी से आग्रह किया है कि आगामी 27 जुलाई, रविवार को 12 बजे महाराणा प्रताप कन्या छात्रावास में आयोजित छात्रावास प्रवेश कार्यक्रम में अवश्य शामिल हों। इसमें आवास के साथ-साथ सभी सुविधाएं निशुल्क रहेंगी।

### कांग्रेस सेवादल का मासिक ध्वजवंदन कार्यक्रम तुलसी नगर में होगा संपन्न

**सागर।** हर माह के अंतिम रविवार को कांग्रेस सेवादल का झंडारोहण और झंडावंदन कार्यक्रम शहर के विभिन्न स्थानों पर होता आया है,उसी श्रृंखला में इस जुलाई माह के अंतिम रविवार को झंडावंदन कार्यक्रम पर जिला शहर कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष, पूर्व पार्षद भैयन पटेल के करकमलों से ईमानदारी और स्वस्थ राजनीति के पर्याय स्व.श्री विठ्ठलभाई पटेल के निवास के नजदीक,विश्वभारती स्कूल परिसर,तुलसी नगर वार्ड में संपन्न होगा। कार्यक्रम शहर और ग्रामीण सेवादल के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न होगा। शहर कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे और ग्रामीण सेवादल अध्यक्ष महेश जाटव ने सभी कांग्रेस जनों, प्रदेश पदाधिकारियों,सभी नगर निगम पार्षद गण,युवक कांग्रेस, महिला, जिला शहर/ग्रामीण कांग्रेस के पदाधिकारियों, एन.एस.यू. आई.,सेवादल परिवार,यंग ब्रिगेड के सदस्यों से कार्यक्रम में रविवार को सुबह 10.30 बजे उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### जिले में अब तक 662.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**सागर ।** सागर जिले में इस वर्षा सीजन में अभी तक 662.5 मि.मी. औसत बारिश दर्ज की गई है। जिले में स्थापित वर्षामापी केन्द्रों के रिकार्ड के अनुसार एक जून से आज तक राहतगढ़ केन्द्र पर सर्वाधिक 867.0 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है। अधीक्षक, भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार जिले में स्थापित विभिन्न वर्षामापी केन्द्रों में एक जून से आज तक सागर केन्द्र में 513.2 मि.मी., जैसीनगर में 581.0 मि.मी., राहतगढ़ में 867.0 मि.मी., बीना में 603.0 मि.मी., खुरई में 674.2 मि.मी, मालथौन में 703.3 मि.मी., बण्डा में 661.2 मि.मी, शाहगढ में 648.8 मि.मी, गढ़ाकोटा में 625.2 मि.मी, रहली में 570.7 मि.मी, देवरी में 681.7 मि.मी. तथा केसली में 820.2 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है।

### युवा संगम रोजगार मेला का आयोजन 28 को

**सागर।** तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार रोजगार कार्यालय जिला सागर और इस महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में 28 जुलाई सोमवार को प्रातः 11 बजे से सायं 5 बजे तक वृहद युवा संगम कार्यक्रम के तहत विशाल रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में प्रदेश एवं राष्ट्र स्तर की कंपनी, विभिन्न पदों के लिए अभ्यर्थियों की योग्यतानुसार उनकी भर्तियाँ (रेक्रूटमेंट) करेंगी। इस प्लेसमेंट ड्राइव में विभिन्न पदों के अनुसार योग्यताएँ निर्धारित की गयी हैं, जिसमें कक्षा 10 वीं से 12 वीं पास, के सभी प्रतिभागी आवश्यक दस्तावेजों के साथ उक्त दिनांक में उपस्थित होकर अपने लिए एक अच्छा रोजगार प्राप्त कर सकतें हैं।

विद्यालयों की छवि व गुणवत्ता निर्माण में शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण

# निजी विद्यालयों से अच्छी शिक्षा व व्यवस्थाएं दें, लापरवाह निजी विद्यालयों की मान्यता तत्काल समाप्त करें : कलेक्टर संदीप

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



विद्यालयों की छवि व गुणवत्ता निर्माण में शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण, निजी विद्यालयों से अच्छी शिक्षा एवं व्यवस्थाएं दें, लापरवाह निजी विद्यालयों की मान्यता तत्काल समाप्त करें उक्त विचार कलेक्टर संदीप जी आर ने स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित होने वाली मुख्य सचिव कॉन्फ्रेंस के लिए फीडबैक कार्यशाला का आयोजन स्थानीय स्वीडिश मिशन विद्यालय में दिए। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन, जिला परियोजना समन्वयक गिरीश श्रीवास्तव सहित जिले के प्राचार्य, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, स्त्रोत समन्वयक और अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित फीडबैक कार्यशाला में कलेक्टर संदीप जी.आर. ने कहा कि विद्यालय की छवि और शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने में शिक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने सभी शिक्षकों से आह्वान किया कि वे विद्यालय में समय पर उपस्थित रहकर शिक्षा की गुणवत्ता सुधारें। उन्होंने कहा कि आज सभी को संकल्प लेना होगा कि हम अपने विद्यालयों को निजी विद्यालयों से भी बेहतर बनाएंगे। उन्होंने कहा कि आप सभी को आज संकल्प लेना होगा कि आप अपने विद्यालय एवं विद्यालय में देने वाली शिक्षा को निजी विद्यालयों से अच्छी बनाएंगे। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा जिन शासकीय विद्यालयों का निर्माण कराया गया है, वे निजी विद्यालयों की तुलना में कहीं अधिक बेहतर हैं और उनमें सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध हैं। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि इसी प्रकार के और भी उत्कृष्ट विद्यालयों के निर्माण के लिए विस्तृत कार्य योजना तैयार कर प्रस्तुत करें।कलेक्टर संदीप जी.आर. ने यह भी कहा कि विद्यालय में इस प्रकार की शिक्षा प्रदान करें जिससे कि उन विद्यालयों के विद्यार्थी डाक्टर, इंजीनियर, कलेक्टर जैसे वरिष्ठ पदों तक पहुँच सकें। इसके लिए विद्यालयों में डॉक्टर-इंजीनियर सेल्फी पॉइंट बनाए जाएँ और विद्यार्थियों को इन पेशों की जानकारी दी जाए। उन्होंने कहा कि सभी पूर्व मेधावी विद्यार्थियों की फोटो और जानकारी विद्यालय के सूचना पटल पर लगाई जाए, ताकि वर्तमान छात्र उनसे प्रेरणा ले सकें। विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने हेतु नवाचार किए जाएं, बच्चों को नवाचार के अभ्यास कराए जाएं, और समय-समय पर अभिभावकों की बैठक आयोजित कर विद्यार्थियों के संबंध में जानकारी साझा की जाए।कलेक्टर ने कहा कि सभी शिक्षक विद्यार्थियों और अभिभावकों से सतत संवाद बनाए रखें, जिससे बच्चों की नियमित उपस्थिति बनी रहे। कार्यशाला में आधारभूत बुनियादी कौशल, परिणाम आधारित शिक्षा, शैक्षणिक गुणवत्ता और प्रशासनिक चुनौतियों पर भी विस्तृत चर्चा की गई।

कलेक्टर संदीप जी.आर. ने कहा कि जो निजी विद्यालय शैक्षणिक कार्य में लापरवाही बरतें या विद्यार्थियों को अनुचित रूप से परेशान करें, उनकी मान्यता तत्काल समाप्त की जाए। उन्होंने सभी शिक्षकों से संवाद कर उनके सुझाव भी सुने और उनसे प्राप्त समस्याओं के निराकरण हेतु आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने सभी मौजूद शिक्षकों से सीधा संवाद किया और उनके विचार जाने विचार सुनने के बाद कलेक्टर ने सभी को निदनात्मक उपाय भी बताए।



## 19 वां सवा करोड़ सीताराम नाम लेखन प्रारंभ

**सागर।** पुष्य नक्षत्र में सीताराम नाम लेखन प्रेमियो के द्वारा 19 वाँ सवा करोड़ श्री सीताराम नाम लेखन जप प्रारम्भ किया गया । उक्त जानकारी देते हुये श्री सीताराम बैंक ज़िला तहसीली शाखा के सहव्यवस्थापक पं. ब्रजेश द्विवेदी ने बताया कि आज दोपहर 3 बजे सीताराम बैंक में हनुमान दुर्गा भैरव धाम मन्दिर के पुजारी एवं बैंक मैनेजर गोपाल प्रसाद शर्मा के द्वारा पूर्ण विधि विधान के साथ लेखन जप होने वाली पुस्तिकाओ का पूजन किया गया । पूजन के उपरांत उपस्तिथ समस्त लेखन प्रेमियो के द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ किया गया तत्पश्चात लेखन करने के लिये उपस्तिथ लेखन प्रेमियो को 500 कापियो का वितरण किया गया। कार्यक्रम में 8 धर्मप्रेमी बंधु ज़न्हिोने सीताराम लेखन हेतु कोपियो के लिये 10,000 रू की राशी दान की थी उनका भी स्वागत एवं उनको धन्यवाद दिया गया । बैंक मैनेजर शर्मा ने कापी लेने वाले सभी प्रेमियो से उक्त अपनी कापियो को बैंक में एक माह के अन्दर बैंक में जमा करने के निर्देश दिये । अंत में सभी को प्रसाद वितरण किया गया जो बैंक के क्लर्क अंशुल सेन ने किया । इस अवसर पर बैंक मैनेजर गोपालदास शर्मा सह व्यवास्थापक पं ब्रजेश द्विवेदी, सुरेशचन्द्र द्विवेदी,पं रामरतन तिवारी शिक्षक पीपरा, अजय खरे, नमन द्विवेदी मेगासिटी, राधाबाई शर्मा, ऊर्मिला मिश्रा, चन्दा उपाध्याय, पुष्पा तिवारी, संतोष तिवारी, अखिलेश शुक्ला, बाई.के नामदेव, अम्बिकाप्रसाद तिवारी, माधव प्रसाद साहु, कृष्णकुमार अग्रवाल, हल्के पटेल, संतोष दुबे, हेमराज पटेल, राजू साहू, राजेन्द्र रावत ,बद्रीप्रसाद मिश्रा, हरगोविन्द पटेल, जीवनलाल पांडे आदि उपस्तिथ रहे ।




## विवि की महिला समाज की नई कार्यकारिणी गठित, डॉ. कल्पना शर्मा बनीं अध्यक्ष

**सागर।** डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर में महिला समाज की नई कार्यकारिणी का गठन हुआ। सत्र 2025-2026 के लिए डॉ. सुषमा शुक्ला को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया। उनके निर्देशन में सर्वसम्मति से कार्यकारिणी का गठन हुआ। जिसमें डॉ. कल्पना शर्मा को अध्यक्ष चुना गया। अनुराधा उपाध्याय सचिव बनीं। कोषाध्यक्ष का दायित्व रेनू शुक्ला को मिला। सहसचिव दीपाली जाट बनीं। ओमिका सिंह को पदेन सदस्य चुना गया। कार्यकारिणी में डॉ. रितु यादव और शिवानी तोमर को भी शामिल किया गया। नई कार्यकारिणी की पहली बैठक में वर्ष भर चलने वाली गतिविधियों और कार्यक्रमों पर चर्चा हुई। इसमें तय हुआ कि पहला कार्यक्रम 28 जुलाई को होगा। इसमें सावन गीत और रुद्राभिषेक का आयोजन होगा। महिला समाज ने नवगठित कार्यकारिणी को बधाई दी।

## खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने की छापामार कार्रवाई



**सागर ।** कलेक्टर संदीप जी. आर. के द्वारा चलाए गए मिलावट से मुक्ति अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा प्रशासन, द्वारा लगातार छापा मार कार्रवाई की जा रही है। सागर शहर की विभिन्न दूध डेयरी पर दूध एवं दूध से बने अन्य उत्पाद की लगातार चलित खाद्य प्रयोगशाला द्वारा जांच की जा रही है एवं नमूने एकत्र कर राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजे जा रहे हैं। शहर की नामचीन डेयरियों पर कार्यावही की जा रही हैं। इसी कड़ी में परकोटा स्थित विश्वास डेयरी, रेलवे स्टेशन स्थित हरियाणा डेयरी, तिली चौराह स्थित दिशा डेयरी, संत कवर राम वार्ड स्थित नारायण डेयरी से दूध, दही, पनीर घी आदि के नमूने जांच हेतु एकत्र कर राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजे गये इसके अतिरिक्त अन्य खाद्य प्रतिष्ठान पर भी निरन्तर छापामार कार्रवाई जारी है।

# 75% को एटीकेटी आने पर पीजी कॉलेज के छात्र छात्राओं ने किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढाकोटा



रिजल्ट खराब आने पर सागर के गढाकोटा के शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने विरोध प्रदर्शन किया और प्राचार्य को ज्ञापन देकर रिजल्ट ठीक किये जाने की मांग की। दरसअल जिले के गढ़ाकोटा के शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शुक्रवार को उस वक्त माहौल गरम हो गया, जब एम.ए राजनीति विज्ञान चौथे सेमेस्टर के करीब 50 छात्र-छात्राएं अचानक कॉलेज परिसर में इकट्ठा होकर विरोध करने लगे। वजह थी परीक्षा के रिजल्ट में भारी गड़बड़ी होना ।

छात्रों का कहना है कि परीक्षा परिणाम में भारी गड़बड़ी हुई है, जिसके चलते लगभग 75% छात्र छात्राओं को एटीकेटी आ गयी है। इससे न सिर्फ उनका शैक्षणिक साल बर्बाद हो सकता है,बल्कि आगे की पढ़ाई भी रुक सकती है। इसी चिंता को लेकर सभी छात्र-छात्राएं एकजुट हुए और कॉलेज के प्राचार्य डॉ. ए.के. सिंह को ज्ञापन सौंपा।

छात्र सुयश जैन ने बताया, हमने पूरे साल मेहनत से पढ़ाई की, लेकिन रिजल्ट बेहद निराशाजनक आया। हमें शक है कि कॉपियों की जांच ठीक से नहीं हुई। हमारी मांग है कि उत्तरपुस्तिकाओं की निष्पक्ष जांच दोबारा कराई जाए, ताकि हम आगे की पढ़ाई जारी रख सकें।

इस पूरे मामले पर प्राचार्य डॉ. ऐ.के सिंन्हा ने छात्रों की बातों को गंभीरता से सुना और भरोसा दिलाया कि मामले की जांच करवाई जाएगी और जल्द ही जरूरी कदम उठाए जाएंगे।

ज्ञापन देने में अतुल तिवारी कॉलेज अध्यक्ष एम.ए.चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र सुयश जैन, महेंद्र राठौर, सचिन अहिरवार, रामकुमार कुर्मी,वंदन लोधी,लक्ष्मी पटेल,श्रद्धा कुर्मी समस्त एम.ए चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



## बीआरसी ने किया शालाओं का निरीक्षण, सेहरी और रामपुर में शिक्षक अनुपस्थित मिले

**रहली।** बीआरसी रहली द्वारा विकासखंड के विभिन्न स्कूलों का निरीक्षण किया गया जिसमें दो स्कूलों के एक एक शिक्षक अनुपस्थित मिलने पर विभागीय कार्यवाही की जा रही हे। बीआरसी आरडी अहिरवार ने बताया कि जन शिक्षा केंद्र पटना बुजुर्ग के विभिन्न स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया एकीकृत माध्यमिक शाला सेहरी में पदस्थ विष्णु नामदेव बगैर सूचना अनुपस्थित मिले बी आर सी द्वारा कक्षा 6 एवं 7 के बच्चों से अद्यापन के संबंध में चर्चा की गई बच्चों का स्तर कमजोर पाया गया,सुधार के निर्देश दिए प्राथमिक शाला पटना रामपुर में कार्यरत रमजान खान बगैर सूचना के अनुपस्थित मिले एकीकृत माध्यमिक शाला रामपुर में शैक्षिक व्यवस्थाओं को देखा एवं मध्यान भोजन की पंजी को चेक किया एवं बच्चों के साथ मध्यान भोजन भी चखा, प्राथमिक शाला रानगिर के बच्चों का स्तर कमजोर पाया गया बच्चों का स्तर सुधार हेतु एवं किचन सेट को तत्काल गिराने एवं बच्चों को सुरक्षित स्थान पर बैठने के निर्देश दिए गए है।अनुपस्थित पाए गए शिक्षकों के खिलाफ कार्यवाही हेतु वरिष्ठ कार्यालय को पत्र लिखा गया है। बीआरसी के साथ निरीक्षण टीम में बीएसी लीलाधर जाटव, जन शिक्षक राजेंद्र सिंह साथ में रहे।

## किसान चिंतित न हों, खाद की पर्याप्त उपलब्धता : कलेक्टर

**सागर ।** किसान भाई खाद उर्वरक के लिए चिंतित न हों उनको उनकी मांग के अनुसार आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। उक्त अपील कलेक्टर श्री संदीप जी आर ने खाद और उर्वरक की समीक्षा बैठक में की। कलेक्टर श्री संदीप जी आर ने कहा कि जिले में आज की स्थिति में 2900 मी टन खाद यूरिया मौजूद है इसके लिए सभी डबल लाख में भेजने की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है और शीघ्र ही एक नई रैक प्राप्त हो रही है जिससे कि मांग के अनुसार आपूर्ति लगातार सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने कहा कि किसान भाई धीरज रखें सभी को खाद्य उर्वरक उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों, समस्त एसडीएम, तहसीलदारों को निर्देशित किया कि जहां पर भी खाद और उर्वरक की समस्या महसूस होती है वहां तत्काल टोकन की व्यवस्था सुनिश्चित की जावे जिससे कि किसान भाई को परेशान ना होना पड़े और निश्चित तारीख पर खाद प्राप्त कर सके। उन्होंने कहा कि सभी खाद वितरण केंद्रों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाएं भी मुहैया कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि किसान भाइयों को समय पर एवं सुगमता से खाद उर्वरक मिल सके इसके लिए लगातार मॉनीटरिंग भी की जा रही है और सभी एसडीएम लगातार आपूर्ति सुनिश्चित करा रहे हैं।




## बंडा ब्लॉक में क्षत्रिय महासभा की बैठक संपन्न कन्या छात्रावास के सेवा प्रकल्प की सराहना

**सागर।** जिला क्षत्रिय महासभा सागर के तत्वावधान में क्षत्रिय महासभा की बंडा ब्लॉक स्तरीय बैठक का आयोजन मंगल भवन में किया गया। बैठक में जिला अध्यक्ष लखन सिंह बामोरा ने समाज के सभी सदस्यों से आग्रह किया कि वे 27 जुलाई, रविवार को बामोरा में नवनिर्मित महाराणा प्रताप सामुदायिक भवन के कन्या छात्रावास में छात्राओं के प्रवेश कार्यक्रम में पधारें। जिला अध्यक्ष लखन सिंह ने बताया कि छात्रावास में छात्राओं का प्रवेश आगामी 27 जुलाई को दोपहर 12 बजे कन्या पूजन के साथ होगा। उन्होंने कहा कि छात्रावास में आवास सहित सभी व्यवस्थाएं उच्च स्तर की तथा पूरी तथा निशुल्क रखी गई हैं। इसमें निवास कर अपना अध्ययन करने की इच्छुक छात्राओं का प्रवेश आरंभ है, क्षत्रिय महासभा की ब्लाक इकाई के पास आवेदन किए जा सकते हैं। समाज के सभी लोगों ने बैठक में मिलकर निर्णय लिया कि भवन निर्माण में जो भी सहयोग राशि होगी उसमें सभी लोग सहयोग करेंगे। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने महाराणा प्रताप कन्या छात्रावास आरंभ किए जाने की सराहना की। बैठक में मंगल सिंह, जाहर सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष नत्थू सिंह सिमरिया, शिवराज सिंह छापरी, रणवीर सिंह डिलाखेड़ी, चंदू राजा ततरवारा, साहब सिंह सेमरा, अजय सिंह बहेरिया, गोविंद सिंह सहावन, युवा ब्लॉक अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह सिंगदोनी, अजीत सिंह चीलपहाड़ी, राजेश सिंह झागरी, धर्मेन्द्र सिंह परासिया सहित समाज के अनेक गणमान्य स्वजातीय बंधु शामिल हुए।

## रविंद्र सिंह सागोनी पुरैना क्षत्रिय महासभा के जैसीनगर ब्लॉक अध्यक्ष बनाए गए

**सागर।** जिला क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष लखन सिंह बामोरा ने वरिष्ठ संरक्षकों की सहमति से रविन्द्र सिंह सागोनी पुरैना की नियुक्ति जिला क्षत्रिय महासभा जैसीनगर ब्लॉक के अध्यक्ष पद पर की है। नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष रविन्द्र सिंह जैसीनगर विकासखंड में संगठन के विस्तार, रचनात्मक गतिविधियों के सक्रिय संचालन और समाज की एकजुटता के लिए कार्य करेंगे।

निःशुल्क सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ

# मितव्याता के लिए आवश्यक है हुनर का स्वयं पूर्ण होना तभी कौशल का विकास होता है : डॉ अनिल तिवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर




स्वामी विवेकानन्द विश्वविद्यालय सागर एवं जनता स्कूल उच्चतर माध्यमिक शाला पुरव्याऊ सागर के संयुक्त तत्वाधान में कौषल विकास योजना अभियान के अन्तर्गत निःशुल्क सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण केन्द्र का शुभारम्भ हुआ। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन के साथ स्वागत परिचय एवं प्रस्ताविक स्वामी विवेकानंद विवि के संस्थापक कुलपति, डॉ अनिल कुमार तिवारी ने देते हुऐ कहा कि मितव्याता के लिए आवश्यक है हुनर का स्वयं पूर्ण होना तभी कौषल का विकास होता है।

समाज को आगे बढ़ाने के लिए केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि कौशल भी अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य से भारत सरकार ने कौशल विकास योजना की शुरुआत की, ताकि युवा सिर्फ डिग्रीधारी न होकर कुशल और आत्मनिर्भर भी बनें। कौशल विकास अभियान केवल एक योजना नहीं, बल्कि एक क्रांति है जो भारत को नौकरी खोजने वाला राष्ट्र से रोजगार देने वाला राष्ट्र की दिशा में ले जा रहा है। जिस देश की युवा पीढ़ी जागरूक और कुशल हो, उसे आगे बढ़ने से कोई रोक नहीं सकता। आज के युग में आवश्यकता है कौशल की यानी ऐसा ज्ञान जो व्यवहारिक हो, उत्पादक हो और उपयोगी हो। डिग्री आपको दरवाजा दिखा सकती है, लेकिन कौशल आपको उस दरवाजे के पार पहुँचा सकता है। कुशल युवा, सशक्त राष्ट्र, कौशल ही असली पूँजी है। हुनर कभी छिपता नहीं, बस उसे तराशने की जरूरत होती है। इस अवसर पर भारतीय स्त्री शक्ति की प्रदेश उपाध्यक्ष, डॉ प्रतिभा तिवारी ने कहा कि यह कार्यक्रम न केवल महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सशक्त कदम है, बल्कि यह हमारे समाज में कौशल विकास, आत्मविश्वास और आर्थिक स्वतंत्रता को बढ़ावा देने का माध्यम भी बनेगा। हम जानते हैं कि जब किसी परिवार की महिला सशक्त होती है, तो केवल वही नहीं, पूरा परिवार, समाज और अंततः राष्ट्र मजबूत बनता है। यह प्रशिक्षण उन महिलाओं के लिए एक सुनहरा अवसर है, जो किसी कारणवश औपचारिक शिक्षा या अन्य संसाधनों से वंचित रह गईं, लेकिन जिनमें कुछ नया सीखने और अपने पैरों पर खड़े होने की प्रबल इच्छा है।

इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रतिभागी न केवल सिलाई-कढ़ाई की तकनीकी जानकारी प्राप्त करेंगी, बल्कि वे इससे स्वरोजगार की दिशा में भी आगे बढ़ सकेंगी कृ चाहे वो अपने घर से छोटा व्यवसाय शुरू करें, समूह में काम करें, या किसी फैशन उद्योग से जुड़ें।

छात्र-छात्राओं के सामने अपने साथियों के साथ पीते हैं शराब

# प्राचार्य ने स्कूल को मयखाना बनाया नशे में कलेक्टर-डीईओ को दी गाली!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिस शिक्षा के मंदिर में नन्हे मासूम छात्र छात्राओं को शिक्षित कर देश का भविष्य बनाने की जिम्मेदारी निभाई जानी चाहिए, उस शिक्षा के मंदिर में अगर प्राचार्य ही शराब का सेवन करने लगे और अपने साथियों को भी शराब का सेवन कराने लगे, तो ऐसे में देश का भविष्य तो अंधकारमय होगा ही। साथ ही मासूम छात्र छात्राओं के मन पर इसका कितना खतरनाक दुष्प्रभाव पड़ता है, इसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है।

### वीडियो हो रहा वायरल

ऐसा ही एक मामला मोहनगढ़ तहसील अंतर्गत ग्राम बरेठी के शासकीय नवीन प्राथमिक शाला ढिमरौला से सामने आया है जहां स्कूल के प्रभारी प्राचार्य ही सोमरस के नशे में मदहोश होकर बच्चो के सामने ही अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए पाए गए हैं। जिसका सोशल मिडिया पर वीडियो भी बायरल हुआ है।

### शिक्षा के मंदिर को प्राचार्य ने बनाया मयखाना

मोहनगढ़ तहसील अंतर्गत ग्राम बरेठी के ग्रामीणों ने बताया कि शासकीय नवीन प्राथमिक शाला ढिमरौला के प्रभारी प्राचार्य सुखलाल सौर अपने साथियों को स्कूल में ही बुलाकर पहले शराबखोरी करते हैं और फिर बच्चो के सामने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं। गालियां देते हैं।





### वीडियो वायरल होते ही संकुल प्राचार्य ने छोड़ी कार्रवाई रूपी मिसाइल

शासकीय नवीन प्राथमिक शाला ढिमरौला के प्राचार्य सुखलाल सौर का शराब के नशे में कलेक्टर व जिला शिक्षाधिकारी के प्रति अभद्र भाषा का प्रयोग करने का वीडियो वायरल होते ही शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया और आनन फानन में लिधौरा संकुल प्राचार्य हीरालाल राजपूत ग्राम बरेठी पहुंचे और पंचनामा बनाकर रिपोर्ट तैयार कर अग्रिम कार्यवाही के लिए पत्र जिला मुख्यालय भेज दिया गया। अब आगे की कार्यवाही जिला मुख्यालय द्वारा की जानी है। अब देखना ये है कि उक्त मामले में कड़ी कार्यवाही करके शिक्षा बिभाग द्वारा एक मिसाल कायम की जाती है या फिर हर बार की तरह इस मामले में भी खानापूर्ति कर मामले को दबा दिया जाता है।

### स्कूल को सुखलाल ने बनाया निजी सुख पाने का अड्डा

ग्रामीणों ने बताया कि प्राचार्य सुखलाल सौर द्वारा अपने पद का दुरूपयोग करते हुए सरकारी स्कूल को निजी सुख का अड्डा बना दिया गया है। जिसमे प्राचार्य सुखलाल अपने साथियों को बुलाकर शराब पार्टी करते हैं और बच्चो को शिक्षा से बंचित रखते हैं। प्राचार्य सुखलाल द्वारा ये कार्य कई दिनों से किया जा रहा है। जिसकी शिकायत भी बरिष्ठ अधिकारियो से की गई लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। प्राचार्य सुखलाल के साथ ग्राम बँधा निवासी भल्लू अहिरवार सहित कुछ लोग और इस शराब पार्टी में शामिल होकर बच्चो के सामने ही शराब पीते हैं। और फिर शराब के नशे में स्कूल में उत्पात मचाते हैं। और रोकने पर झूठे केस में फंसाने की धमकी देते हैं। जिससे ग्राम के सभी अभिवावकजन परेशान हैं।

### कलेक्टर व जिला शिक्षाधिकारी के लिए किया अभद्र भाषा का प्रयोग

ग्राम बरेठी के शासकीय नवीन प्राथमिक शाला ढिमरौला के प्रभारी प्राचार्य सुखलाल सौर व इनके साथी भल्लू अहिरवार निवासी बंधा से ज़ब ग्रामीणों ने कहा कि स्कूल में शराबखोरी करने के विरुद्ध जिला कलेक्टर व जिला शिक्षाधिकारी से शिकायत कर कार्यवाही कराई जाएगी। तब शराब के नशे में धुत्त प्राचार्य सुखलाल व बंधा निवासी भल्लू अहिरवार द्वारा कलेक्टर व जिला शिक्षाधिकारी के बिरुद्ध अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गालियां दी गईं और कहा गया कि जहां शिकायत करना हो, वहां शिकायत कर दो। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल भी हुआ। यह वायरल वीडियो शुक्रवार 25 जुलाई की सुबह लगभग 12 बजे का बताया जा रहा है। जिसमे प्राचार्य सुखलाल व भल्लू अहिरवार द्वारा जिले के वरिष्ठ अधिकारियो को गालियां दी जा रही हैं। इसके अलावा बच्चो को भी अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए भगाया जा रहा है। उक्त वीडियो वायरल होते ही शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया।

और जब इनको ऐसा करने से रोकने का प्रयास किया जाता है तो प्राचार्य सुखलाल द्वारा एससीएसटी एक्ट में फंसाने की धमकी दी जाती है। ग्रामीणों ने बताया कि प्राचार्य सुखलाल के इस अभद्र व्यवहार का असर स्कूल के मासूम छात्र छात्राओं पर पड़ रहा है। इसके अलावा स्कूल में पढ़ाई न होने से छात्र छात्राओं का भविष्य भी अंधकारमय हो गया है।

### कार्रवाई की जा रही

प्राथमिक शाला ढिमरौला प्राचार्य सुखलाल सौर द्वारा किये गए कृत्य के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। वायरल वीडियो में तो सिर्फ कलेक्टर व जिला शिक्षाधिकारी को ही गाली देते सुना गया लेकिन ग्रामीणों ने बताया कि प्राचार्य ने शिक्षा विभाग के अन्य सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों को भी गालियां दी हैं।

**हीरालाल राजपूत,** संकुल प्राचार्य लिधौरा

एक पेड़ मां के नाम अभियान को किया समर्पित

# नन्ही बालिका उपलब्धि ने अपने जन्मदिन पर लगाया एक पौधा



**बड़ागांव धसान।** ज्ञानोदय प्रतिभास्थली विद्यापीठ ललितपुर के दयोदय पशु संरक्षण केंद्र गौशाला मे टीकमगढ़ जिले के ग्राम लार निवासी नन्ही बालिका उपलब्धि जैन व बालक उत्सव जैन ने अपने जन्मदिन के अवसर पर एक पौधा लगाकर ह्यएक पेड़ मां के नामह्न अभियान को आगे बढ़ाते हुए अपना जन्मदिन मनाया। इस मौके पर मुकेश जैन, चित्रलेखा जैन, मुन्नालाल पाठक मैनेजर एवं प्रतिभास्थाली की छात्राएं विशेष रूप से उपस्थित रही। इस अवसर पर परिवार के सभी सदस्यों ने आवला और नीबू का पेड़ लगाया। उपलब्धि जैन व उत्सव जैन ने पौधरोपण करने के बाद कहा की देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रत्येक देशवासी से अपनी मां के प्रति सम्मान स्वरूप कम से कम एक पौधा अवश्य लगाने की मार्मिक अपील की थी। जो कि पर्यावरण के संतुलन को बनाये रखने और ग्लोवल वार्मिंग से बचाये रखने के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। इसी अभियान को हमने आगे बढ़ाने के उद्देश्य से अपने जन्मदिन पर पौधारोपण किया है। मुकेश जैन ने बताया कि अपनी मां के प्रति अपने सम्मान की अभिव्यक्ति के रूप में पौधे रोपित करने से बड़ा और कोई काम नहीं हो सकता है। वहीं चित्रलेखा जैन शिक्षिका ने कहा की पौधारोपण पर्यावरण संरक्षण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। क्योंकि पेड़-पौधे पर्यावरण से अशुद्धियों को सोखकर हमें शुद्ध हवा देते हैं और जल चक्र को बनाए रखने में मदद करते हैं। यह ग्लोबल वार्मिंग को कम करने और प्राकृतिक आपदाओं से बचाने में भी सहायक होते हैं। पर्यावरण संतुलन बनाये रखने के लिए पेड़ पौधे लगाए जाना अंत्यंत आवश्यक है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में एक पौधा लगाना चाहिए और उसकी देखभाल करनी चाहिए।

## वीर सावरकर भाजपा मंडल की कार्यकारिणी हुई घोषित

**टीकमगढ़।** जिले में भाजपा वीर सावरकर मंडल की कार्यकारिणी घोषित की गई। भाजपा मीडिया प्रभारी स्वप्निल तिवारी व प्रफुल्ल द्विवेदी ने बताया कि भाजपा पदाधिकारियों की मुख्य उपस्थिति में विभा श्रीवास्तव मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में भाजपा के वीर सावरकर मंडल की कार्यकारिणी की घोषणा की गई। इस मौके पर कार्यालय में वरिष्ठ नेता पूरन लोधी, मनोज देवलिया, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष इंजी अभय प्रताप सिंह यादव, प्रफुल्ल द्विवेदी, मुन्ना लाल साहू, आदित्य योगी, स्वप्निल तिवारी आदि उपस्थित रहे। मंडल की कार्यकारिणी सदस्यों ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल , केंद्रीय मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार, प्रदेश महामंत्री भाजपा व जतारा विधायक हरिशंकर खटीक, पूर्व विधायक व मंत्री राहुल सिंह लोधी, पूर्व विधायक राकेश गिरी गोस्वामी , पूर्व भाजपा जिला अध्यक्षों, वरिष्ठजनों सहित सभी भाजपा पदाधिकारियों का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया। वीर सावरकर मंडल अध्यक्ष विभा श्रीवास्तव के नेतृत्व में महामंत्री विनय सेन व गंधर्व सिंह, उपाध्यक्ष सूरज कड़ा, अवधेश तिवारी, हिमांशु तिवारी, अजय सिंह परमार, अनिल बिदुआ, धीरज खरे, सत्यम शर्मा, मंत्री अभिषेक पाराशर, शंकर सेन , गौरव यादव, अचला वर्मा, कामिनी यादव, आशीष अहिरवार, अजय यादव, मनोज विश्वकर्मा, गनेश कुशवाहा, अरविंद सिंह लोधी, जितेंद्र आदिवासी, निशा भारती, रतिराम कुशवाहा, जानकी प्रजापति, प्रतिभा बुंदेला व सौरभ वर्मा सहित अन्य पदाधिकारियों की कार्यकारिणी घोषित की गई।




## पूर्व विधायक 17वीं बार श्रावण मास में निकालेंगे कांवड़ यात्रा



**टीकमगढ़।** पूर्व विधायक केके श्रीवास्तव प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रावण मास में एक बार फिर कांवड़ यात्रा निकालेंगे। इस संबंध में शुक्रवार 25 जुलाई को पूर्व विधायक श्रीवास्तव ने सर्किट हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की। इस दौरान बुंदेलखंड पीठाधीश्वर महंत सीताराम दास महाराज और क्षत्रिय महासभा के जिला अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह मुख्यरूप से मौजूद रहे। पूर्व विधायक श्रीवास्तव ने बताया कि वे पिछले 16 सालों से लगातार श्रावण मास में कांवड़ यात्रा निकालते आ रहे हैं। यह यात्रा का 17वां साल है। पिछले तीन सालों से यह यात्रा पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण और तालाबों को अतिक्रमण मुक्त कराने का संकल्प लेकर निकाली जा रही है। इस बार 4 अगस्त को टीकमगढ़ जनपद की ग्राम पंचायत नन्ही टिहरी के मड़खेड़ा तालाब से जल भरकर कांवड़ यात्रा शुरू होगी। एक दिवसीय यात्रा नन्ही टिहरी से शुरू होकर बुडेरा, पठा, पुरानी टिहरी होते हुए शहर में प्रवेश करेगी। नगर के प्रमुख रास्तों से होते हुए यात्रा शिव धाम कुंडेश्वर तक जाएगी। जहाँ भगवान भोलेनाथ का विधि-विधान से अभिषेक और पूजन किया जाएगा। भोलेनाथ से जिले की सुख-समृद्धि और विकास के लिए प्रार्थना की जाएगी। पूर्व विधायक श्रीवास्तव ने बताया कि एकदिवसीय यात्रा के अलावा इस बार पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण और तालाबों को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए साल भर यात्रा जारी रहेगी। इसके लिए अलग-अलग चरण तय किए गए हैं। पहले चरण में टीकमगढ़ के 11 तालाबों को शामिल किया गया है। जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों के साथ टीम बनाकर इन तालाबों की फीडर नहरों का निरीक्षण किया जाएगा। जहां-जहां फीडर नहर पर अतिक्रमण होगा, वहां स्थानीय लोगों और जिला प्रशासन की मदद से अतिक्रमण हटाने के प्रयास किए जाएंगे। इस तरह साल भर में जिले के 77 तालाबों का भ्रमण किया जाएगा। उनका उद्देश्य है कि जिले के सभी तालाब अतिक्रमण मुक्त हों। ताकि बारिश का पूरा पानी तालाब में संरक्षित किया जा सके। जिले में लगभग 486 तालाब हैं। अगर साल भर इनमें भरपूर पानी रहा तो जिले के किसानों को खेती के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध हो सकेगा।

# विदेश में जीत का डंका बजाने वाली शहर की बेटी का हुआ भव्य स्वागत

**टीकमगढ़।** विदेश में क्रिकेट के खेल में जीत का डंका बजाने बाली शहर की बेटी ज़ब टीकमगढ़ स्टेशन पर पहुंची तो शहरवासियो ने अपनी बेटी का भव्य रूप में जोरदार स्वागत किया। भारतीय महिला क्रिकेटर क्रांति गौड़ ने भारतीय टीम को बिदेश में सीरीज जीतने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर जिले व प्रदेश का नाम रोशन किया है। इंग्लैंड में शानदार प्रदर्शन के बाद भारतीय महिला क्रिकेटर क्रांति गौड़ शुक्रवार को रेलवे स्टेशन पहुंचीं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में 6 विकेट लेकर भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। इस दौरान स्टेशन पर स्थानीय शहरवासियो, नेताओं और खिलाड़ियों ने उनका फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। ढोल-नगाड़े बजाकर और मिठाई खिलाकर उनका अभिनंदन किया गया। स्कूली छात्र-छात्राओं सहित नगर के लोगों ने उत्साह के साथ उन्हें बधाई दी। महिला क्रिकेटर क्रांति ने बताया कि उनके करियर की शुरुआत उनके गृह नगर घुवारा में स्थानीय क्रिकेट टूर्नामेंट से हुई थी। इसके बाद उन्होंने मध्य प्रदेश और देश के अन्य राज्यों में महिला क्रिकेट टूर्नामेंट में भाग लिया। अपनी लगन और मेहनत के कारण उन्हें भारतीय महिला क्रिकेट टीम में शामिल किया गया।





## स्मार्ट मीटर लोगों के साथ-साथ विद्युत विभाग के लिए फायदेमंदः त्रिपाठी

### नगरीय क्षेत्र में लग चुके 22 हजार मीटर

**टीकमगढ़।** बिजली चोरी रोकने के उद्देश्य आरएसएस योजना के तहत घरों व प्रतिष्ठानो में विद्युत विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। जिसके तहत नगर पालिका क्षेत्र में कुल 26 हजार विद्युत उपभोक्ताओं में से अब तक 22 हजार घरों और प्रतिष्ठानों में स्मार्ट मीटर स्थापित किए जा चुके हैं। उक्त जानकारी विद्युत कंपनी के कार्यपालन अभियंता सुधीर कुमार सोनी ने देते हुए बताया कि इस प्रणाली से बिजली उपभोक्ता अपनी बिजली खपत, बिलिंग और रीकनेक्शन की स्थिति को मोबाइल ऐप के माध्यम से स्वयं देख सकेंगे। इससे बिजली बिल संबंधी विवाद की स्थिति नहीं बनेगी। अधीक्षक यांत्रिक एसके त्रिपाठी ने बताया कि जिले में विद्युत व्यवस्था को पारदर्शी और तकनीकी रूप से उन्नत बनाने के लिए आरएसएस योजना रेवाम्पड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम के अंतर्गत यह कार्य तेजी से चल रहा है। शहरी क्षेत्र में मोंटे कार्लो कंपनी और ग्रामीण क्षेत्र में अल्फनार कंपनी की ओर से यह काम किया जा रहा है। विद्युत कंपनी के शहर प्रभारी असिस्टेंड इंजीनियर नितिन बाथम ने बताया कि शहर के जिन 11 केवी फीडरों पर 75 प्रतिशत से अधिक उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट मीटर लग चुके हैं। उन क्षेत्रों में बिजली नुकसान की गणना शुरू कर दी गई है। जहां नुकसान अधिक पाई जा रही है, वहां केबलीकरण, डीटीआर मीटरिंग और राजस्व वसूली के आंकड़ों के आधार पर सुधारात्मक कार्रवाई की जा रही है। इन क्षेत्रों से जुड़ी जानकारी विद्युत विभाग के केंद्रीकृत सर्वर पर स्वचालित रूप से पहुंच रही है।

## शहर को हरियाली व सौंदर्ययुक्त करने ग्रीन पॉकेट योजना पर कार्य प्रारंभ

**टीकमगढ़।** नगर को हरियालीयुक्त करने और सौंदर्यीकरण करने के उद्देश्य से कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया के साथ मिलकर एक योजना बनाई। जिसे ग्रीन पॉकेट नाम दिया गया। अब इस योजना पर कार्य प्रारंभ करने की कवायद शुरू कर दी गई है। नगर में सौंदर्यीकरण और हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से कलेक्टर विवेक श्रोतिय के निर्देशानुसार शुक्रवार को नगर पालिका सीएमओ भदौरिया द्वारा स्थल निरिक्षण किया गया। जिसमे अंबेडकर तिराहा से झिरकी बगिया तक ग्रीन पॉकेट तैयार करने और सौंदर्यीकरण कार्य कराए जाने की योजना पर काम शुरू किया गया है। इसी क्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओमपाल सिंह भदौरिया द्वारा स्थल का निरीक्षण करने के दौरान बताया गया कि यह इलाका शहर के प्रमुख मार्गों में शामिल है और यहां सौंदर्यीकरण से न केवल नगर की छवि निखरेगी, बल्कि नागरिकों को स्वच्छ व हरियाली युक्त वातावरण भी मिलेगा। ग्रीन पॉकेट योजना के तहत पौधारोपण, पेवर्स, लाइटिंग जैसे कार्यों की योजना बनाई जा रही है। नगर पालिका सीएमओ भदौरिया के साथ निरीक्षण के दौरान पार्षद प्रतिनिधि सन्नी सोनी, शान मोहम्मद भी उपस्थित रहे। जिन्होंने क्षेत्र की आवश्यकताओं से सीएमओ भदौरिया को अवगत कराया। सीएमओ भदौरिया ने बताया कि नगर पालिका द्वारा जल्द ही उक्त योजना के कार्य की रूपरेखा तैयार कर क्रियान्वयन शुरू किया जाएगा।



# शहर को साफ-सुथरा व सुव्यवस्थित बनाना हमारी प्राथमिकताः सीएमओ

मुख्य चौराहों पर अव्यवस्थित खड़े ठेलों के विरुद्ध उठाएं सख्त कदम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

शहर को साफ सुथरा व सुव्यवस्थित बनाना हम सभी प्राथमिकता है। इसके लिए शहर में अबैध रूप से मनमाने तरीके से खडे होने ठेलो को हटाकर चिन्हित स्थानों पर लगवाया जाये। साथ ही सख्ती बरतते हुए व्यवस्था को स्थायित्व दिया जाये। उक्त निर्देश नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया ने नगर निरिक्षण व कार्यवाही के दौरान नगर पालिका कर्मचारियों को दिए।

शहर की बिगड़ती ट्रैफिक व्यवस्था और आमजन को हो रही परेशानियों को देखते हुए नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया ने अवैध रूप से मुख्य चौराहों पर खड़े किए गए ठेलों के खिलाफ सख्त कदम उठाए हैं। नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओमपाल सिंह भदौरिया के निर्देशन में यह अभियान चलाया गया। जिसमें शहर के प्रमुख चौराहों से ठेलों को हटाकर उन्हें निर्धारित और वैकल्पिक स्थानों पर स्थानांतरित किया गया है। नगर पालिका द्वारा यह कार्यवाही यातायात व्यवस्था को सुधारने, सड़कों पर अवैध अतिक्रमण को हटाने तथा आम जनता को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से की गई। नगर पालिका सीएमओ भदौरिया ने स्पष्ट तौर पर कहा कि शहर को साफ-सुथरा और सुव्यवस्थित बनाना हम सभी की प्राथमिकता है। सड़क पर अतिक्रमण न केवल यातायात में बाधा बनता है बल्कि यह दुर्घटनाओं को भी निमंत्रण देता है। ऐसे में यह जरूरी हो गया था कि अवैध रूप से खड़े ठेलों को हटाया जाए। इस अभियान के दौरान महादेव गोहर, विजय, ऋषभ करोसिया सहित नगर पालिका की टीम मौके पर मौजूद रही। इन सभी ने मिलकर ठेले संचालकों से संवाद कर उन्हें वैकल्पिक स्थानों पर स्थानांतरित होने के लिए समझाइश दी। नगर पालिका ने इस कार्य को शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित तरीके से अंजाम दिया। जिससे कोई विवाद की स्थिति उत्पन्न नहीं हुई। नगर पालिका सीएमओ भदौरिया ने यह भी कहा है कि आने वाले समय में अतिक्रमण के खिलाफ यह मुहिम और तेज की जाएगी। साथ ही ठेला व्यवसायियों से आग्रह किया गया है कि वे नगर पालिका द्वारा चिन्हित स्थलों पर ही अपना व्यवसाय करें ताकि न तो उनकी आजीविका प्रभावित हो और न ही आमजन को परेशानी उठानी पड़े। नगर पालिका द्वारा यह पहल न केवल यातायात व्यवस्था में सुधार लाएगी, बल्कि शहर की स्वच्छता और सौंदर्यीकरण में भी अहम भूमिका निभाएगी। आगामी दिनों में नगर के अन्य हिस्सों में भी इस प्रकार की कार्रवाई जारी रहने की संभावना है।

# एसडीएम ने निरीक्षण कर दिए पोषक नहरों से अतिक्रमण हटाने के निर्देश

◆ जबरदस्त बारिश के बावजूद कुछ तालाब हैं बिन पानी सून

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़ागांव धसान

जिले में इस बार अच्छी बारिश के बावजूद कुछ तालाब बिन पानी सून अर्थात खाली रह गए हैं। कुछ तालाबों में पानी का भराव कम हुआ है। ऐसा ही तालाब बड़ागांव तहसील का पोखना तालाब जलभराव से अछूता रह गया है क्यूंकि तालाब की पोषक नहरों पर अवैध कब्जे के कारण बारिश का पानी तालाब तक नहीं पहुंच पा रहा है। स्थानीय लोगों की शिकायत पर शुक्रवार 25 जुलाई को एसडीएम लोकेंद्र सिंह सरल ने राजस्व टीम के साथ तत्काल मौके पर पहुंचकर तालाब का निरीक्षण किया। उन्होंने स्थानीय लोगों से इस मुद्दे पर चर्चा की और जलभराव न होने की समस्या की जड़ का पता लगाने के लिए क्षेत्र का जायजा लिया। एसडीएम लोकेन्द्र सिंह सरल द्वारा किये जा रहे निरीक्षण के दौरान बड़ागांव नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि रामलाल प्रजापति ने बताया कि पोषक नहर के जीर्णोद्धार के लिए विधायक निधि से 5 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने बताया कि दो बार टेंडर लगाया जा चुका है, लेकिन ठेकेदार ने अभी तक काम शुरू नहीं किया है। एसडीएम लोकेंद्र सिंह ने बताया कि तालाब की दोनों पोषक नहरों का निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण में आरआई, पटवारी, नगर परिषद के अधिकारी-कर्मचारी और जनप्रतिनिधि मौजूद थे। कई स्थानों पर नहर पर अवैध कब्जा मिला है और कई जगह नहर क्षतिग्रस्त हो गई है।



एसडीएम लोकेन्द्र सिंह ने अतिक्रमण के बिरुद्ध राजस्व टीम को वैधानिक कार्रवाई करने और नहर से सख्ती से अवैध कब्जा हटाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अगले दिन से कार्रवाई शुरू की जाएगी। इससे तालाब में पानी के भराव की समस्या का समाधान होने की उम्मीद है। एसडीएम लोकेन्द्र सिंह ने राजस्व टीम को हिदायत देते हुए कहा कि शीघ्र ही तालाब में जलभराव किये जाने का इंतजाम किया जाये। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। तालाब में जलभराव कराने के लिए अतिक्रमण हटाने के अलावा क्षतिग्रस्त पोषक नहरों को दुरुस्त कराने का कार्य भी शीघ्र किया जाए।

## एनएचआई ने खींची रेड लाइन, प्रशासन हटाएगा कच्चा पक्का अतिक्रमण

# दुकानदारों के साथ कांग्रेसियों की प्रशासन से हुई जद्दोजहद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

एनएचआई द्वारा शहर के भीतर सड़क व नाला निर्माण में बाधा बन रहे स्थाई व अस्थाई अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई के दौरान शुक्रवार को दुकानदारों और प्रशासन के बीच खूब जद्दोजहद हुई जिसमें कांग्रेस नेता दुकानदारों के साथ खड़े दिखे दुकानदारों और कांग्रेसियों के विरोध के चलते हालांकि अतिक्रमण हटाया नहीं गया लेकिन चिन्हित किए गए अतिक्रमण को स्वेच्छा से तीन में हटाने का समय जरूर दिया गया है। उधर कांग्रेस जिलाध्यक्ष अतुल चौहान ने अतिक्रमण हटाने के बाद विस्थापित दुकानदारों को स्थापित कराने की मांग जिला प्रशासन से की है।

शहर के भीतर सड़कों के चौड़ीकरण के उद्देश्य से हाल ही में सीसी रोड की चौडाई दोनो तरफ ढाई ढाई मीटर बढ़ाने की स्वीकृति मिलने के बाद एनएचआई ने नाला निर्माण के लिए कई ऐसे स्थानों पर लाल निशान लगा दिए हैं जहां पक्के अतिक्रमण है। जयस्तंभ के आगे से पुलिस लाइन के सामने कुछ दुकानदार ऐसे भी हैं जो नगर पालिका के किराएदार लेकिन उनकी दुकानें अतिक्रमण में आने के कारण नपा उन्हें अपना बताने की जिम्मेदारी से भी पल्ला झाड़ती दिख रही है। हालांकि नाला बनाने के लिए उन्हें पूर्व में भी दुकानें हटाने की चेतावनी दी गई थी और शुक्रवार को एसडीएम बीएस श्रीवास्तव नगर पालिका अमले के साथ मौके पर पहुंचे भी सही लेकिन नगर पालिका के अमले को दुकानदारों के साथ कांग्रेस नेताओं के विरोध का सामना करना पड़ा कांग्रेस नेताओं द्वारा दी गई दलीलों के बाद एसडीएम श्रीवास्तव ने नगर पालिका से दुकानदारों को दूसरी जगह शिफ्ट करने के बारे में विचार करने की सलाह दी और यह कहते हुए वापस लौट गए कि तीन दिन के भीतर या तो स्वेच्छा से अतिक्रमण हटा लिया जाए अथवा प्रशासन अतिक्रमण को जबरदस्ती हटा देगा। इसके अलावा एनएचआई द्वारा चिन्हित किए गए और भी स्थान पर एसडीएम ने पहुंचकर लोगों को समझाइए अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए



### टूटेगा फारेस्ट का ऑफिस और क्वार्टर

एनएचआई ने सड़क और नाला निर्माण में बाधा बन रहे स्थाई और अस्थाई अतिक्रमण को हटाने के लिए जहां लाल निशान लगाए हैं उनकी जद में श्रीराम तलाई हनुमान मंदिर के सामने स्थित फॉरेस्ट कार्यालय भी आ रहा है। इस पक्के भवन में करीब पांच फीट तक अतिक्रमण हटाने के लिए निशान लगाए गए हैं इस अतिक्रमण की जद में कार्यालय का ऑफिस चैंबर एवं निवास क्वार्टर और करीब 50 फीट बाउंड्री वॉल आ रही है। एसडीएम श्रीवास्तव ने फॉरेस्ट ऑफीसरों से इस अतिक्रमण को हटाकर नाला बनाने के लिए सहमति देने को कहा है उधर जय स्तंभ पर नाला ऊंचा हो जाने के कारण दुकानदारों द्वारा जताए गए विरोध के बाद एनएचआई को निर्देशित किया है कि हिंदू धर्मशाला के सामने नाले को रोड लेवल किया जाए ताकि लोगों को धर्मशाला में आने जाने में ना तो परेशानी हो और ना ही वाहनों को वहां जाने में दिक्कत हो।

### इसलिए विरोध कर रहे दुकानदार

हालांकि सड़क नाला निर्माण के लिए अस्थाई अतिक्रमण तो कई जगह से हटाने का काम एनएचआई द्वारा किया गया भी है और जहां से अस्थाई अतिक्रमण हटाया गया था निर्माण के बाद उक्त गुमटी ठेले वहीं दोबारा लग भी गए लेकिन पुरानी पुलिस लाइन के सामने जो अतिक्रमण हटाने की बात हो रही है वहां काबिज लोग नगर पालिका के किराएदार है लेकिन यह दुकान जिला पंचायत अध्यक्ष के निवास और पीडब्ल्यूडी गोदाम के सामने आ रही हैं। उक्त स्थान से अतिक्रमण हटाने के बाद यह दोनों विभाग अपनी जमीन पर दोबारा से अतिक्रमण नहीं होने देंगे इसी आशंका के चलते दुकानदारों को अपनी रोजी-रोटी छिनती दिख रही है और वह यहां दुकानों को हटाकर नाला बनाने का विरोध कर रहे हैं।

### अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए हैं

दुकानदारों को 3 दिन में अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए हैं स्वेच्छा से अतिक्रमण नहीं हटने पर प्रशासन अतिक्रमण हटाकर सामान को जब्ती में लेने ओर जुर्माना की करवाई भी करेगा।

**बीएस श्रीवास्तव**
**एसडीएम श्योपुर**

हम विकास में बाधा नहीं बन रहे हैं हमारी मांग यही है कि नगर पालिका अपने दुकानदारों को वहां से हटाती है तो उन्हें अपनी सरकारी जमीन में उसके पास ही दुकान बना कर दे अथवा उस स्थान पर दुकान बना कर दे जहां वह अपना व्यवसाय कर बच्चों का पालन कर सके।

**अतुल चौहान**
**कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्योपुर**

## ग्राम कलारना में हरियाली महोत्सव आयोजित

# पौधा का रोपण तभी सार्थक होगा,जब रोपे गए सभी पौधे वृक्ष बनेंगे:भूषण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




मप्र जन अभियान परिषद द्वारा हरियाली अमावस्या के उपलक्ष्य में नवांकुर सखी हरियाली यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में सेक्टर गिरधरपुर के आदर्श ग्राम कलारना में नवांकुर सखी के रूप में पंजीकृत सखियों के द्वारा ग्राम में हरियाली यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, विशिष्ट अतिथि परियोजना अधिकारी राजेश शर्मा उपस्थित रही।

कार्यक्रम के दौरान जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक नेहा सिंह ने बताया कि

नवांकुर सखियां 11 बीज रोपित एवं अंकुरित पौध रोपित थैलियों के माध्यम से अपने घर की बगिया में पौधे विकसित करेंगी। जन अभियान परिषद की इस नवाचारी पहल से प्रदेश के प्रत्येक विकासखंड में 5500 पौधे तैयार होंगे अभियान के तहत प्रदेश में 1 लाख 56 हजार 500 नवांकुर सखियों द्वारा 17 लाख 21 हजार 500 पौधे तैयार किए जाएंगे। विकसित पौधों को रोपण लायक होने की स्थिति में एक पेड़ मां के नाम अभियान में शासकीय या निजी भूमि पर परिवार के महत्व के अवसरों पर रोपित किए जाए। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौध रोपण बहुत की आवश्यक है। इस दिशा में जन अभियान की यह पहल सराहनीय है। उन्होंने कहा कि नवांकुर सखियों के द्वारा पौधे लगाए जा रहे है,उसकी सार्थकता तभी साबित होगी,जब सभी रोपे गए पौधे वृक्ष बन जाएंगे। इसलिए सभी नवांकुर सखी महिलाएं रोपे गए पौधों की वृक्ष बनने तक देखभाल करें। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष के द्वारा स्कूल प्रांगण में एक पौधा अपनी मां के नाम पर लगाया गया। इसके पूर्व गांव में एक कलश यात्रा निकाली गई। जो राधा कृष्ण मंदिर से आरंभ होने के बाद पूरे गांव का भ्रमण करते हुए वापस मंदिर पर पहुंचकर सम्पन्न हुई। इस दौरान मंच का संचालन संस्था सचिव भास्कराचार्य टकसाली ने किया एवं आभार प्रदर्शन ब्लॉक समन्वयक नीतू सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर भाजपा उपाध्यक्ष राघवेंद्र जाट, प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष ब्रजेश शर्मा, कौशल शर्मा, गोविंद दीक्षित, राकेश, मेंटर प्रमोद तिवारी, प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष कल्याण मारू, आंगनवाड़ी श्यामा, ग्राम सचिव लक्ष्मी नारायण राठौर, महिलाएं और ग्रामीण उपस्थित थे।

## कलेक्टर के निर्देश पर गंभीर हुए बिजली कंपनी के अधिकारी

# बगबाज के माली मोहल्ले में छाया अंधेरा होगा दूर, पहुंचेगी बिजली, जीएम ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

बिजली के अभाव में कई परेशानियां झेल रहे बगबाज गांव के माली मोहल्ले के लोगों की यह परेशानी अब जल्द मिट जाएगी,क्योकि बिजली कंपनी अब उनके मोहल्ले में बिजली की उपलब्धता कराएगी। इस मामले में कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा दिए गए निर्देशो के क्रम में बिजली कंपनी के महाप्रबंधक आरके सक्सैना ने डीजीएम को बगबाज के माली मोहल्ले में बिजली लाइन पहुंचाए जाने के लिए दो दिन के भीतर आवश्यक कार्रवाई किया जाना सुनिश्चित करें और उस कार्रवाई से अवगत कराया जाए।

यूं तो बगवाज गांव जिला मुख्यालय का बिल्कुल सटा हुआ गांव है। लेकिन इसके बाद भी इस गांव के माली मोहल्ले में अभी तक न तो बिजली की लाइन खींच सकी है और न ही बिजली कनेक्शन यहां निवासरत लोगो को दिए गए है। जिसकारण इस मोहल्ले के लोग आज भी बिजली के अभाव कई परेशानियां झेलने को मजबूर हो रहे है। विशेष बात यह है कि यहां के लोग सुपरविजन योजना के तहत जरूरी राशि अपनी तरफ से जमा करने के लिए भी तैयार है,इसके बाद भी बिजली कंपनी के द्वारा उनके मोहल्ले में बिजली नहीं पहुंचाई जा रही है। जिसकी शिकायत ग्रामीणों के द्वारा पिछले दिनों कलेक्टर अर्पित वर्मा से की गई। कलेक्टर अर्पित वर्मा ने इस मामले को टीएल में शामिल करते हुए बिजली कंपनी के अधिकारियों को इस संबंध में कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर के निर्देशो के पालन में बिजली कंपनी के महाप्रबंधक ने बिजली कंपनी के उप संभाग दक्षिण श्योपुर के डीजीएम को माली मोहल्ले में बिजली लाइन पहुंचाए जाने के लिए जरूरी कार्रवाई दो दिन के भीतर किए जाने के निर्देश दे दिए।

# नाली के पानी की निकासी को लेकर जैनी में झगडा,पांच जख्मी

श्योपुर।मानपुर थाने के अधीन आने वाले गांव जैनी में बीती शाम को नाली के पानी की निकासी को लेकर दो पडोसी परिवार के लोगों के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ गया कि आपस में लातघूसे और लाठियां चल गई। जिसमें एक महिला समेत पांच लोग जख्मी हो गए। जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया। इस मामले में मानपुर थाना पुलिस ने दोनो पक्षों के खिलाफ मारपीट का क्रॉस मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम जैनी निवासी केशोराम मीणा और बृजेश सेन आपस में पडोसी है। गुरूवार की शाम को इनके बीच नाली के पानी की निकासी कचरा डालकर रोक देने की बात पर कहासुनी हो गई। कहासुनी इतनी बढ गई कि दोनों पक्ष के लोगो के बीच लातघूसे और लाठियां चल गई। विवाद में एक तरफ से बृजेश सेन, उसकी भतीजी नेहा सेन और बेटा रोहित जख्मी हो गया। वहीं दूसरी तरफ से केशोराम और उसकी पत्नी मेवा बाई घायल हो गई। इस मामले में पुलिस ने बृजेश पुत्र राधेश्याम सेन की रिपोर्ट पर देवीशंकर मीणा और सत्यनारायण मीणा के खिलाफ तथा मेवा बाई पत्नी केशोराम मीणा की रिपोर्ट पर बृजेश सेन के खिलाफ मारपीट की धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली है।

### नहर के पास से 19 किलो मछली जप्त

श्योपुर।मत्स्य विभाग ने कार्यवाही करते हुए 19 किलो मछली जप्त कर 1500 रूपये की राशि चालान के माध्यम से विभागीय मद में जमा कराई गई है। सहायक संचालक मत्स्योद्योग बीपी झसिया ने बताया कि मछलियो में प्रजनन काल को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा मछली पकडने तथा मछली के विक्रय पर 15 अगस्त तक रोक लगाई गई है। इस अधिसूचना के परिपालन में किए जा रहे विभागीय निरीक्षण के दौरान विभागीय टीम द्वारा किये जा रहे निरीक्षण के दौरान नहर के पास मछली बाजार श्योपुर में 19 किलो मछली लावारिस जप्त की गई। जप्त मछली को नीलामी कर विक्रय किया गया।नीलामी से प्राप्त 1500 रूपये की राशि चालान के माध्यम से विभागीय मद में जमा कराने की कार्यवाही की गई।

# जंगल में बना रखे बदमाशों के ठिकानों पर पुलिस की दबिश, हथियार बरामद,3 बदमाश नामजद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

ढोढर थाना क्षेत्र के जंगल में बनी खिरकाई पर चंदा वसूली के लिए पहुंचे तीन बदमाशों को दबोचने के बाद पुलिस ने तीनों बदमाशों को पुलिस रिमांड पर लिया और फिर जंगल में बना रखे उनके ठिकानों का पता पूछताछ एक साथ दो थानों की पुलिस ने वहां दबिश दी। दबिश के दौरान ठिकानों पर तो कोई बदमाश नहीं मिले है,लेकिन वहां से बंदूके बरामद की गई है।

एसपी वीरेन्द्र जैन ने बताया कि ढोढर थाना क्षेत्र की खिरकाई पर चंदा वसूली के लिए पहुंचे जिन बदमाशों को दबोचा गया है,उन्हें पुलिस रिमांड पर लेकर उनके ठिकानों पर दबिश दी गई। बदमाशों ने अपने यह ठिकाने श्योपुर और मुरैना जिले के बॉर्डर के घने जंगल में ऐसी जगह बना रखे थे,जहां ये बदमाश वारदात के बाद छिपने के लिए पहुंच जाते थे। ढोढर थाना प्रभारी श्यामवीर सिंह तोमर और गसवानी थाना प्रभारी रीना राजावत की अगुवाई में दो थानों की पुलिस टीम को बदमाशों के ठिकानों पर दबिश के लिए भेजा गया। जहां से हथियार बरामद किए है। साथही तीन बदमाश और नामजद किए है,जिनमें बलवीर निवासी सेवर, लुक्का उर्फ हंसराज सिकरवार निवासी पिपरोनिया तथा थान सिंह सिकरवार निवासी गुर्जा शामिल है। जिन्हें दबोचने के लिए प्रयास किए जा रहे है।



### अवैध कट्टा लेकर घूम रहा युवक पुलिस ने धरा

श्योपुर।रघुनाथपुर पुलिस ने अवैध रूप से देशी कट्टा लेकर घूम रहे एक युवक को दबोच लिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसके कब्जे से कट्टा और एक जिंदा कारतूस जब्त कर लिया है। पुलिस ने बताया कि बीती शाम को मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि जहानगढ बस्ती के कच्चे रास्ते में एक युवक अवैध रूप से कट्टा लेकर घूम रहा है, जो मौका मिलने पर कोई वारदात भी घटित कर सकता है। इस सूचना पर तत्काल पुलिस टीम भेजकर मौके से आरोपी युवक को अरेस्ट कर लिया है। आरोपी ने अपना नाम लालाराम रावत निवासी सुमरेरा बताया है,उसके कब्जे से एक देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है।

## कोतवाली थाना स्टाफ ने कोतवाली टीआई दिनेश राजपूत को दी भावभीनी विदाई

# 2 माह 18 दिन श्योपुर कोतवाली संभालकर दतिया के लिए रवाना हो गए टीआई राजपूत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कोतवाली टीआई दिनेश सिंह राजपूत 2 माह 18 दिन तक श्योपुर कोतवाली संभालकर शुक्रवार को दतिया जिले के लिए रिलीव हो गए है। दतिया रवाना होने से पहले कोतवाली थाने में उनका विदाई समारोह आयोजित हुआ। जिसमें कोतवाली थाना स्टाफ ने उपस्थित होकर कोतवाली टीआई दिनेश राजपूत को पुष्पहार पहनाकर और साफा बांधकर भावभीनी विदाई दी और उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि कोतवाली थाना स्टाफ को उनकी कमी जरूर खलेगी। क्योंकि उन्होने काफी मुस्तैदी दिखाते हुए कोतवाली टीआई की जिम्मेदारी बखूबी संभाली है। पुलिस आरक्षक भर्ती फर्जीवाडे में उनके द्वारा की गई कार्रवाई को पुलिस अधीक्षक से लेकर संभाल और भोपाल स्तर के अधिकारियों के द्वारा सराहा गया है।

श्योपुर जिले में मानपुर, बरगवां और आवदा थाने में थानेदारी कर दिनेश सिंह राजपूत पदोन्नति के बाद टीआई बनकर दूसरी बार श्योपुर जिले में पदस्थ हुए और उनके द्वारा यहां श्योपुर में अजाक थाना टीआई की जिम्मेदारी संभाली गई। इसके बाद 5 मई को एसपी वीरेन्द्र जैन ने उन्हे कोतवाली श्योपुर का टीआई बना दिया। क्योंकि कोतवाली टीआई सतीश कुमार दुबे स्वास्थ्य कारणों का हवाला देकर लंबे अवकाश पर चले गए थे। एसपी के आदेश के पालन में टीआई दिनेश सिंह राजपूत ने 6 मई को कोतवाली पहुंचकर कोतवाली टीआई का प्रभार संभाल लिया। इसके बाद उनका भोपाल स्तर से दतिया जिले के लिए तबादला हो गया। एसपी वीरेन्द्र जैन ने 24 जुलाई गुरूवार को उन्हें कोतवाली टीआई के पद से भारमुक्त करते हुए दतिया के लिए रिलीव कर दिया।



### कमलेन्द्र पर कोतवाली टीआई का चार्ज

टीआई दिनेश राजपूत के रिलीव होने के बाद फिलहाल किसी दूसरे टीआई की पदस्थापना कोतवाली थाने में नहीं हुई है। ऐसे में कोतवाली टीआई का चार्ज कोतवाली थाने में पदस्थ उप निरीक्षक कमलेन्द्र सिंह के पास पहुंच गया है।

## जिला अस्पताल सहित मेडिकल कॉलेज की टीम ने भी किया स्वास्थ्य परीक्षण

# तीसरे दिन हुए फॉलोअप में उगना सहराना में नहीं मिला एक भी मरीज, प्रशासन ने ली राहत की सांस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कराहल के उगना का सहराना में बच्चों की मौत के बाद बढ़ाई गई स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का सकारात्मक परिणाम शुक्रवार को तब देखने को मिला जब डोर टू डोर किए गए सर्वे में पूरी बस्ती में एक भी मरीज नहीं मिला। जिन बच्चों की मौत बीमारी से हुई थी कलेक्टर अर्पित वर्मा ने उनके परिजनों को रेडक्रॉस से तत्काल 25 25 हजार रुपए की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। खास बात यह रही कि उक्त बस्ती में जहां जिला अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जुड़ी चिकित्सकों की टीम ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर रही है वही मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर भी उगना सहराना में इलाज के लिए पहुंचे थे। उधर शुक्रवार को कलेक्टर अर्पित वर्मा ने उगना सहराना में पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और ग्रामीणों से चर्चा की।

शुक्रवार को उगना सहराने में पहुंचे कलेक्टर अर्पित वर्मा को सीएमएचओ डॉ डीएस सिकरवार ने बताया कि गांव से 10 मरीज इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कराहल और जिला अस्पताल भेजे गए हैं। गांव में डोर टू डोर सर्वे कर परिवार के हर सदस्य का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया है। शुक्रवार को दोबारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया जिसमें एक भी मरीज नहीं मिला। उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल,सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कराहल के अलावा आयुष विभाग की टीम अपना कैंप लगाकर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर रही है और सभी को निशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई जा रही है। मेडिकल कॉलेज की टीम ने भी बस्ती में पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण किया और परामर्श दिया। इस दौरान कलेक्टर ने एसडीएम मनोज गढ़वाल, जनपद सीईओ राकेश शर्मा, और पीएचई विभाग को निर्देशित किया कि गांव में साफ सफाई चाकचौबंद रखी जाए संक्रमण फैलने की संभावनाएं न हो। जिला पंचायत सीईओ अतेंद्र सिंह गुर्जर बीते तीन दिनों से उगना सहराना में कैंप किए हुए हैं।

### निलंबन से नाराज सेक्टर सुपरवाइजर हड़ताल पर, आईसीडीएस सेवाएं ठप



उगना सहराना में बीमारियों से बच्चों की मौत में जिस सेक्टर सुपरवाइजर को लापरवाही मानते हुए निलंबित किया है उस सेक्टर सुपरवाइजर के समर्थन में जिले की अन्य सुपरवाइजर लामबंद हो गई है और शुक्रवार को सभी सेक्टर सुपरवाइजरों ने जिला कार्यालय में पहुंचकर डीपीओ को सामूहिक अवकाश का आवेदन देते हुए मॉनिटरिंग करने और आईसीडीएस की दूसरी सेवाओं में कामकाज करने अथवा उसमें सहयोग करने से साफ मना कर दिया है। सेक्टर सुपरवाइजरों के इस तरह अचानक काम बंद कर देने से जिले में आईसीडीएस की सेवाओं के बुरी तरह ठप्प होने का अंदेशा व्याप्त हो गया है। सामूहिक अवकाश के लिए सौंपे गए आवेदन में सेक्टर सुपरवाइजरों ने उल्लेख किया है कि जिले में महिला बाल विकास की सेवाओं को 41 सेक्टरों में विभाजित किया गया है हर एक सेक्टर पर एक सुपरवाइजर नियुक्त किया जाना जरूरी है। लेकिन सुपरवाइजर की कमी के चलते इन 41 सेक्टरों पर 25 सुपरवाइजर कार्यरत हैं जिनमें से कई के पास दो दो सेक्टर के प्रभार है इस अतिरिक्त प्रभार का भार उस रेखा गुप्ता सेक्टर सुपरवाइजर पर भी था जिनको बीमारी से हुई मौत के मामले में दोषी मानकर निलंबित किया गया है जबकि इस सेक्टर का प्रभार उसे हाल ही में अतिरिक्त सेक्टर के रूप में दिया गया था। सुपरवाइजरों ने कहा कि बीमारी से होने वाली मौत पर, डॉक्टर, नर्स, कंपाउंडर, आशा कार्यकर्ता के बजाए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका या सेक्टर सुपरवाइजर, सीडीपीओ अथवा पूरे महिला बाल विकास विभाग को दोषी मानना बिल्कुल ठीक नहीं है। कार्यकर्ताओं की नाराजगी इस बात को लेकर भी अधिक है कि जब कलेक्टर के निर्देश पर सेक्टर सुपरवाइजर को निलंबित किया गया तब विभाग के अधिकारियों ने जानकारी होते हुए भी सेक्टर सुपरवाइजर का पक्ष कलेक्टर के सामने नहीं रखा। सुपरवाइजर ने बताया कि वह अपना पक्ष कलेक्टर के सामने रखेंगी ताकि वह सच्चाई से रूबरू हो सके। फिलहाल तो जिले में सेक्टर सुपरवाइजर के सामूहिक अवकाश के चले जाने से जिले में आईसीडीएस सेवा में बुरी तरह चरमरा गई हैं।

# रायपुरा से लापता नाबालिग बालिका पुलिस ने तीन घंटे में ढूंढ निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

नजदीकी गांव रायपुरा से संदिग्ध परिस्थितियों के बीच लापता हुई एक नाबालिग बालिका को देहात थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज किए जाने के बाद तीन घंटे की कार्रवाई के दौरान ढूंढकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है। थाना प्रभारी शशि तोमर ने बताया कि ग्राम रायपुरा से एक 15 वर्षीय बालिका 21 जुलाई को घर से बिना बताए लापता हो गई। परिवार के लोगो ने बालिका को अपने स्तर से तलाशने के बाद 23 जुलाई की दोपहर को थाने आकर रिपोर्ट दर्ज कराई। इस मामले में तत्काल अपहरण का मामला दर्ज किया और एक पुलिस टीम बनाकर बालिका को बरामदगी की कार्रवाई में लगा दिया। तीन घंटे की कार्रवाई के दौरान बालिका को ढूंढकर बरामद कर लिया और उसे पूछताछ के बाद परिवार के लोगो के सुपुर्द कर दिया है। पूछताछ के दौरान बालिका ने परिवार के लोगो से नाराज होकर खुद ही घर से चले जाने की बात बताई है।

### आवदा पुलिस ने आयोजित कराई प्रतियोगिता

श्योपुर। नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के तहत शुक्रवार को आवदा थाना पुलिस ने नयागांव स्थित शासकीय हाईस्कूल में नशा मुक्ति विषय को लेकर प्रतियोगिता आयोजित कराई। जिसमें स्कूली छात्र छात्राओं ने उत्साह के साथ भागीदारी करते हुए न सिर्फ निबंध लिखा,बल्कि नशे से बचाव संबंधी कविता पाठ करते हुए स्लोगन भी लिखे। इस मौके पर आवदा थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी तथा स्कूल प्राचार्य आनंद शर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे। आवदा थाना प्रभारी ने बताया कि प्रतियोगिताओं का परिणाम आने के बाद जो विद्यार्थी विजेता बनेंगे,उन्हें पुरस्कार भी प्रदान किया जाएगा।



## कंजिया में अज्ञात बदमाशों ने सेल्समैनों को बेरहमी से पीटा, मामला दर्ज

# आधी रात को शराब दुकान में रखे 70 हजार लूटकर फरार



◆ कंपोजिट शराब की दुकान पर अज्ञात बदमाशों ने दिया वारदात को अंजाम





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

भानगढ़ थाना अंतर्गत कंजिया में गुरुवार की रात कंजिया चौकी से कुछ ही दूरी पर शराब दुकान में नकाबपोश बदमाशों ने हमला कर दुकान के सेल्समैनों के साथ डंडों से बेरहमी से मारपीट कर 70 हजार रुपए की लूट कर फरार हो गए। पुलिस ने घटना के बाद अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। वहीं मारपीट में घायल हुए सेल्समैन में से एक की स्थिति गंभीर होने के कारण इलाज भोपाल के एक निजी अस्पताल में चल रहा है।

जानकारी अनुसार गुरुवार शराब कंपोजिट दुकान कंजिया पर सेल्समैन आशीष राय एवं लालू राय दुकान में बैठ कर बात कर रहे थे। तभी रात करीब 10.30 बजे एक कार से 5 बदमाश आए और गाली गलौज कर एक बदमाश गेट की कुंदी खोलकर दुकान के अंदर घुस गया। जिसने अंदर घुसते ही उसने डंडे से सेल्समैनों के साथ बेरहमी से पिटाई करना शुरू कर दी। तभी उसका दूसरा साथी भी अंदर आ गया और उसने भी सेल्समैनों पर डंडे बरसाना शुरू कर दिए। जिन्होंने दुकान के काउंटर के पास रखे गल्ला पेटी से 70 हजार रूपए निकालकर फरार हो गए। साथ ही दुकान के बाहर खड़ी बाइक में डंडे मारकर क्षतिग्रस्त कर दी।

काउंटर के अंदर भी नहीं छोड़ा- गोली चलने की आवाज आते ही दोनों सेल्समैन काउंटर के नीचे छिप गए। बदमाश कुंदी खोलकर अंदर घुसे और दोनों सेल्समैनों के साथ बेरहमी से डंडे से मारपीट की और पैसे उठाने के बाद भी मन नहीं भरने पर उन्होंने फिर से सेल्समैनों के साथ पिटाई शुरू कर दी। जिससे आशीष राय को दोनों हाथ एवं लालू को सिर एवं गर्दन में गंभीर चोट आई है। आशीष का इलाज स्थानीय अस्पताल में किया गया है वहीं लालू को इलाज के लिए पहले बीना सिविल अस्पताल में भर्ती किया गया। लेकिन हालत गंभीर होने के कारण पहले सागर फिर भोपाल रैफर किया गया है जिसका इलाज भोपाल के निजी अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने किया मामला दर्ज-सेल्समैन आशीष राय की शिकायत पर भानगढ़ पुलिस ने अज्ञात 4 बदमाशों के खिलाफ बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साथ ही आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

---

**घपलों और घोटालों की पहचान बनी ग्राम पंचायत**

# खेत तालाब, सामुदायिक प्लांटेशन के कई विकास कार्यों में लाखों के घोटाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलारस

ग्राम स्वराज अभियान को लेकर शासन द्रण संकल्पित है, प्रत्येक ग्राम पंचायत में विकास की नई गाथा लिखने को आतुर है। इसी उददेश्य को साकार करने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत को ग्रामीण अंचल में विकास के लिए करोडों रूपये की राशि प्रदान की जा रही है। ताकि ग्रामीण अंचल साफ और स्वच्छ दिखाई दे सके और यहां के बदहाल मार्ग आवागमन के लिए सुगम हो सकें। लेकिन ग्राम पंचायत पनवारी में विकास कार्य की राशि को सरपंच, सचिव व सहायक सचिव मिलकर चपत लगाने में जुटे हुए हैं। ग्राम पंचायत पनवारी में वर्ष 2022.23 में 35.65 लाख रूपये की राशि से राजकुमारी के खेत के पास खेत तालाब निर्माण भ्रष्टाचार की भेंट चढ गया। तालाब निर्माण में स्टीमेट के मुताबिक कार्य न होने से ये तालाब दुर्दशा का शिकार बना हुआ है। गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य होने से जगह.जगह से तालाब की मिटटी का कटाव हो रहा है। स्टीमेट के अनुसार तालाब की जो लंबाई, चौढाई व गहराई होना थी, वो नियमनूसार नहीं रखी गई। पैसा बचाने के लालच में तालाब का क्षेत्रफ ल भी कम कर दिया गया। उक्त तालाब में जेसीबी मशीन व ट्रेक्टरों से कार्य किया गया है। स्थानीय वनभूमि के जंगलों से चोरी कर लाए गए खंडा-बोल्डर उक्त तालाब में उपयोग किए गए हैं और फर्जी बिल चस्पा कर लाखों रूपयों का भुगतान जनपद के अफसरों की मिलीभगत से कर दिया गया है। जनपद विभाग के अफ सरों द्वारा इस तालाब का भौतिक निरीक्षण न करने से इस प्रकार का भ्रष्टाचार निकलकर प्रकाश में आया है। इसी तरह पंचायत भवन के पास वर्ष 2023-24 में मिनी परक्यूलेशन टैंक बनाया गया है। जिसका काम भी अधूरा पडा हुआ है। एक साल बीत जाने के बाद भी सरपंचए सचिव व सहायक सचिव द्वारा उक्त कार्य को पूरा नहीं कराया जा सका।

### सामुदायिक प्लांटेशन के नाम पर 6.23 लाख का घोटाला

ग्राम पंचायत पनवारी में विकास कार्यों में किए गए भ्रष्टाचार के साथ-साथ सामुदायिक प्लांटेशन की आढ में भी 6.23 लाख रूपये की राशि को सरपंच, सचिव व सहायक सचिव मिलकर डकार गए। अंबेडकर पार्क उकावल के पास सामुदायिक प्लांटेशन में व्रक्षों की जगह खाली मैदान दिखाई दे रहा है। हरियाली के लिए शासन द्वारा प्रदान की गई 6०23 लाख रूपये की राशि को भी यहां के सरपंच, सचिव व सहायक सचिव ने डकारकर गबन को अंजाम दिया। जनपद विभाग के अफ सरों द्वारा कौनसा धुंधला चश्मा लगातार उक्त विकास कार्यों का मूल्यांकन व सत्यापन किया गया है, जो बडे हैरत का विषय है। ग्राम पंचायत पनवारी में किए गए अन्य विकास कार्यों की हालत भी अत्यंत दयनीय है। जिसमें खुलकर जनपद के अफ सरों के साथ-साथ सरपंचए सचिव व सहायक सचिव की सांठ.गांठ खुलकर उजागर हुई है।


#### इनका कहना है

मामला आपके द्वारा संज्ञान में लाया गया है, में ग्राम पंचायत पनवारी में हुए सभी निर्माण कार्यों का निरीक्षण करूंगा। वित्तीय अनिमित्ताएं सामने आने पर गबन की कार्रवाई की जाएगी।

**आदित्य सेंगर**, उपयंत्री

---

# अज्ञात वाहन की टक्कर से तेंदुए की मौत, फॉरेस्ट विभाग मौके पर पहुंचा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

जिले के बड़ोडी स्थित थीम रोड पर शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसे में अज्ञात वाहन की टक्कर से एक तेंदुए की मौत हो गई। यह घटना पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जितेंद्र जैन उर्फ गोटू की कोठी के सामने की बताई जा रही है। स्थानीय लोगों द्वारा घटना की सूचना वन विभाग को दी गई, जिस पर फॉरेस्ट डीएफओ सुधांशु यादव एवं अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचे और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। तेंदुए का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। बताया जा रहा है कि यह क्षेत्र वन क्षेत्र के नजदीक है और जानवरों की आवाजाही अक्सर बनी रहती है। मामले की जांच की जा रही है कि तेंदुआ किस दिशा से आया और किस वाहन ने टक्कर मारी।

### श्रीराधे कृष्णा सेवा समिति द्वारा गिर्राज जी पर होगा भंडारा

कोलारस। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रीराधे कृष्ण सेवा समिति के सदस्यों द्वारा श्रीधाम गोर्वधन में 3 अगस्त को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। श्रीराधे कृष्ण सेवा समिति से शिवपुरी जिले के अनेकों सदस्य जुडाव रखते हैं। जो प्रतिवर्ष गिर्राज जी के परिक्रमा मार्ग में गरीबों के लिए भंडारे का आयोजन करते हुए चले आ रहे हैं। इस बार यह आयोजन श्रीराधे श्याम निकुंज गार्डन बडी परिक्रमा मार्ग खंबा नंबर 37 के सामने श्रीधाम गोवर्धन में रखा गया है। जो रविवार 3 अगस्त को सुबह 6 बजे से प्रारंभ होकर देर रात्रि तक जारी रहेगा।

---

**साफ-सफाई व स्वच्छता के लिए आने वाली राशि की गई खुर्द-बुर्द**

# कॉलेज ग्राउंड खेत में हुआ तब्दील, सुधार के प्रयास नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलारस




शासकीय महा विद्यालय कोलारस कॉलेज प्रबंधन की उदासीनता के चलते कई सालों से अव्यवस्थाओं का अडडा बना हुआ है। कॉलेज की बिल्डिंग मेंटीनेंस के अभाव में जर्जर होती जा रही है। वहीं अब छात्र व छात्राओं ने भी कॉलेज में उपस्थित रहना बंद कर दिया है। इस कॉलेज में खेल गतिविधियां मृत पडीं हुई हैं। कॉलेज के बाहर स्थित खेल प्रांगण दुर्दशा का शिकार बना हुआ है। देख-रेख और संरक्षण के अभाव में इसकी बाउंड्री भी असमाजिक तत्वों द्वारा तोड दी गई है। वहीं खेल मैदान खेत में तब्दील हो गया है। यहां पूरे प्रांगण में गाजरए घांस और कटीले व्रक्ष लगे हुए हैं। जिससे खेल प्रेमी यहां खेल भी नहीं पा रहे हैं। उबड-खाबड खेल मैदान होने से यहां पर कोई भी खेल गतिविधियां संचालित नहीं हैं। खेल मैदान को दुरूस्त कराने के लिए आई हुई राशि को भी खुर्द.बुर्द कर दिया गया है। इस प्रांगण में स्थापित कैलाशवासी माधवराव सिंधिया की प्रतिमा के आसपास का परिसर भी क्षतिग्रस्त हो गया है। इस प्रकार शैक्षणिक व्यवस्था के साथ-साथ महा विद्यालय में काफी समय से खेल गतिविधियां भी बंद पडी हुई हैं।

#### इनका कहना है

मामला आपके द्वारा संज्ञान में लाया गया है। में शीघ्र ही शैक्षणिक और खेल गतिविधियों को लेकर महा विद्यालय का निरीक्षण करूंगा।

**अनूप श्रीवास्तव**, एसडीएम कोलारस

---

# कारगिल विजय दिवस पर भाजपा निकालेगी जुलूस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी।



भाजपा शिवपुरी इकाई इस वर्ष कारगिल विजय दिवस को विशेष धूमधाम से मनाने की तैयारी में हैं। इस अवसर पर पार्टी द्वारा एक जुलूस का आयोजन किया जाएगा, जो माधव चौक चौराहे से प्रारंभ होगा। यह जानकारी भाजपा जिलाध्यक्ष जसवंत जाटव ने दी। जिला अध्यक्ष जसवंत जाटव ने बताया कि कारगिल विजय दिवसए जो हर साल 26 जुलाई को मनाया जाता है। 1999 के कारगिल युद्ध में भारतीय सशस्त्र बलों की शानदार जीत और हमारे वीर सैनिकों के बलिदान को याद करने का दिन है। भाजपा शिवपुरी ने इस महत्वपूर्ण दिन को शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने और राष्ट्रभक्ति की भावना को प्रबल करने के उद्देश्य से एक विशाल कार्यक्रम के रूप में आयोजित करने का निर्णय लिया है। जिलाध्यक्ष जसवंत जाटव ने बताया कि जुलूस में भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी और आम नागरिक बड़ी संख्या में शामिल होंगे। उन्होंने शिवपुरी के समस्त नागरिकों से इस राष्ट्रीय पर्व में सहभागी बनकर वीर जवानों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करने की बात कही है। जुलूस शाम 5:00 बजे माधव चौक चौराहे से शुरू होकर गुरुद्वारा रोड, राजेश्वरी रोड से होते हुए तात्या टोपे समाधि स्थल पर जाकर समापन होगा।

---

# मनुष्य जीवन में आत्म उन्नति के लिए 16 प्रकार के संस्कार बनाए गएः अभिलाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

**गायत्री शक्तिपीठ पर दिव्य कार्यक्रम का किया आयोजन**



गायत्री शक्तिपीठ पर चल रहे श्रद्धा कौशल संवर्धन कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन शांतिकुंज हरिद्वार से आए वरिष्ठ परिजन डॉक्टर अभिलाष रमेश द्वारा मन्त्रों एवं संस्कारों की महत्ता, विधि एवं उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि ऋषि मुनियों ने बड़े मनन चिंतन करने के बाद मनुष्य के कल्याण के लिए और उसकी आत्म उन्नति के लिए 16 प्रकार के संस्कार बनाएं। उन्होंने आगे बताया कि अखिल विश्व गायत्री परिवार 2026 में परम वंदनीय माता भगवती देवी शर्मा की जन्म शताब्दी मना रहा है। इस उपलक्ष्य में, भारत और विदेशों में कई आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रमों की एक श्रृंखला आयोजित कर रहा है। ये कार्यक्रम माताजी के जीवन और दृष्टिकोण को श्रद्धांजलि हैं और मानव में देवत्व को जगाने का आह्वान भी हैं। उन्होंने बताया कि जन्म शताब्दी 2026 में अध्यात्मिक कार्यक्रम होंगे। जिसमें गायत्री महामंत्र और महामृत्युंजय मंत्र का जाप, स्वाध्याय और श्रद्धा संवर्धन यात्राएं शामिल है।


---

# प्रतिभाओं की खोज और आत्म-अभिव्यक्ति का सशक्त कल्पना मंच

**स्कूल कोलारस द्वारा सांस्कृतिक पहल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलारस





शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं होती, बल्कि विद्यार्थियों के संपूर्ण व्यक्तित्व विकास के लिए उन्हें अभिव्यक्ति, नेतृत्व और रचनात्मकता के अवसर मिलना भी आवश्यक है। इसी सोच को साकार करने के उद्देश्य से द इंडियन हाइट्स कॉन्वेंट स्कूल द्वारा शुरू किया गया है कल्पना मंच। कल्पना मंच न केवल एक मंच है। बल्कि यह विद्यार्थियों की छिपी हुई प्रतिभाओं को पहचानने उन्हें प्रोत्साहित करने और मंच प्रदान करने की अनूठी पहल है। इसमें छात्र-छात्राएं कविता पाठ, भाषण, अभिनय, कहानी लेखन, गायन, चित्रकला जैसे विविध गतिविधियों के माध्यम से अपनी कला और विचारों को प्रस्तुत करते हैं। इस मंच की विशेष बात यह है कि इसे पूरी तरह से छात्रों द्वारा संचालित किया जाता है। रौनक धाकड़ और प्रिंश जैसे छात्र इसके होस्ट बने हैं। जबकि ऋषिका सोनी और सुदिति पारीक जैसे समर्पित शिक्षक इसका समन्वय करते हैं। हर सत्र में छात्रों को नेतृत्व, टीम वर्क, स्टेज हैंडलिंग और पब्लिक स्पीकिंग का व्यावहारिक अनुभव मिलता है। हाल ही में आयोजित सत्र में, शिक्षक रंजीत सिंह द्वारा एक प्रेरक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें आत्म-विश्वास और सफल नेतृत्व के मूल मंत्र सिखाए गए। छात्रों की भागीदारी ने यह सिद्ध कर दिया कि जब उन्हें अवसर दिया जाए तो वे किसी भी मंच पर चमक सकते हैं। द इंडियन हाइट्स कॉन्वेंट स्कूल का यह अभिनव प्रयास न केवल स्कूल स्तर पर बल्कि समाज में भी एक सकारात्मक संदेश दे रहा है कि बच्चों में केवल ज्ञान नहीं, बल्कि संवेदनशीलता, सृजनात्मकता और नेतृत्व के बीज भी बोने चाहिए। कल्पना मंच-जहां हर बच्चा एक कलाकार है और हर प्रस्तुति एक प्रेरणा।

---

# हरियाली अमावस्या पर रोपे पौधे, स्व सहायता समूह की बहनें भी शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलारस




कोलारस नगर में पौधारोपण को लेकर जाग्रति दिखाई देने लगी है। हरियाली अमावस्या के अवसर पर सभी जनप्रतिनिधियों ने सैकडों व्रक्ष लगाए और हरियाली का संदेश दिया। इसी क्रम में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रविंद्र शिवहरे के नेत्रत्व में नगर पंचायत अमले द्वारा वाचनालय भवन परिसर में भी बडी संख्या में पौधे रोपे गए। रविंद्र शिवहरे के साथ-साथ इस पौधारोपण में स्व सहायता समूह की महिलाओं ने भी बढ-चढकर भागीदारी सुनिश्चित की।

---

**सर्वाधिक वर्षा चंदेरी में राजघाट बांध के 12 गेट खोले गए**

# लगातार वर्षा से बीना-मुंगावली मार्ग अवरुद्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



जिले में पिछले 24 घण्टों में हुई लगातार वर्षा के बाद अशोकनगर शहर से लेकर जिले भर में कईं इलाकों में पानी भर गया। लोगों को रातभर जागकर पानी निकालना पड़ा। वर्षा के कारण मुंगावली से बीना जाने वाला मार्ग कंजिया पर रास्ता बंद हो जाने के कारण अवरूद्ध हो गया। जिले में यह अब तक की सर्वाधिक वर्षा है। राजघाट बांध में पानी बढ़ने से 12 गेट खोले गए जिससे चंदेरी ललितपुर मार्ग बंद हो गया है।

राजघाट डैम के उपयंत्री अनिल कुमार ने बताया कि डैम के 16 में से 12 गेट खोले गए हैं और 125 क्यूसेक लीटर पानी छोड़ा गया है जिससे चंदेरी-ललितपुर मार्ग बंद हो गया है। इस मार्ग पर सडक के ऊपर से 6 फीट पानी जा रहा है। अशोकनगर के साथ आस-पास के जिलों में हो रही वर्षा से राजघाट डैम जिसे लक्ष्मीसागर बांध के नाम से जाना जाता है। यहां से पानी की निकासी की जा रही है।

जिले में मानसून की सक्रियता लगातार बनी हुई है गुरूवार की रात भी जिले में बारिश होती रही सुबह से ही अशोकनगर शहर में बारिस का क्रम जारी रहा। दोपहर 1:00 बजे तक बादल बरसते रहे, दोपहर में बादल थमें फिर शुरूआत हुई लेकिन शाम को मौसम ने लोगों को राहत दी।

अशोकनगर जिले में बाढ़ और आपदा प्रबंधन के द्वारा लगातार ध्यान दिया जा रहा है लेकिन इस वर्षा के बाद जिले के चंदेरी ग्रामीण अंचल में जरूर लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा है। इसी तरह मुंगावली में भी कईं बस्तीयों में पानी भर गया लोगों को पानी से निलकते हुए देखा गया। जिले भर में जल स्त्रोतों में भी खूब पानी आ गया है 33 तालाबों में से 24 तालाब 100 प्रतिशत वर्षा से लबालब हो गए हैं।